# Daily Current Affairs

**Date : 08 August, 2025**

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | मॉडल ग्राम – पिपलांत्री (राजसमंद) |
| 2. | आँगनबाड़ी बहन सम्मान समारोह |
| 3. | राज्य स्तरीय अंगदान जागरूकता कार्यक्रम |
| 4. | राज्य स्तरीय संस्कृत विद्वतजन सम्मान समारोह |
| 5. | डॉ. कृष्णा पूनिया |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. खैरथल-तिजारा का नया नाम भर्तृहरिनगर<br>2. 6 अगस्त : 'राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) डे<br>3. ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना शिलान्यास<br>4. फूसासर विद्युत उपकेंद्र (जैसलमेर)<br>5. आर-कैट की इंटर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता<br>6. 'इंडोनेशिया में हिन्दू पुनरुत्थान' पुस्तक<br>7. सहकार राखी उत्सव-2025<br>8. किसानों के लिए 'नॉलेज इनहांसमेंट प्रोग्राम' |
| 7. | 'अनलॉकिंग ए $200 बिलियन ऑपर्च्युनिटी: इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया' रिपोर्ट 2025 |
| 8. | यूथ लीडर्स गोलमेज सम्मेलन 2025 |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 9. | तटीय नौवहन विधेयक, 2025 |
| 10. | मणिपुर GST संशोधन विधेयक, 2025 |
| 11. | फिलीपींस और भारत : दक्षिण चीन सागर में पहली बार संयुक्त नौवहन |
| 12. | अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का 107वाँ सदस्य : मोल्दोवा |
| 13. | साइबरस्पेस और एम्फीबियस ऑपरेशस |
| 14. | अन्नू रानी |
| 15. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ब्ल्यू बर्ड सैटेलाइट<br>2. ध्रुवा स्पेस कंपनी : ऑस्ट्रेलियाई पेलोड भेजेगा<br>3. NCERT का नया पाठ्यक्रम<br>4. सौर ऊर्जा से संचालित पहली विधानसभा : दिल्ली |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### मॉडल ग्राम – पिपलांत्री (राजसमंद)

**➲ चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राजसमन्द स्थित मॉडल ग्राम पिपलांत्री में आयोजित पर्यावरण महोत्सव-2025 में शिरकत की।




**➲ मुख्य बिंदु :**

- पिपलांत्री देश का एक ऐसा मॉडल ग्राम है, जहाँ हर बेटी के जन्म पर 111 पौधें लगाने की अनूठी परम्परा है।
- इस परंपरा की शुरुआत वर्ष 2005 में गाँव के पूर्व सरपंच श्याम सुंदर पालीवाल द्वारा की गई, जिन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- इस मॉडल के तहत् अब तक पिपलांत्री में लगभग 15 लाख पौधें लगाए जा चुके हैं, जिनमें 1 लाख चंदन के वृक्ष शामिल हैं।
- पिपलांत्री मॉडल के एक हिस्से के रूप में 'किरण निधि योजना' की शुरुआत भी की गई है, जिसके तहत् पंचायत बालिका के नाम पर एक बैंक खाता खोलती है और उसमें ₹21,000 की शुरुआती राशि जमा करती है।
- पिपलांत्री की तरह ही बिहार के धरहरा गाँव में भी बेटी के जन्म पर फलदार वृक्ष लगाने की परंपरा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आँगनबाड़ी बहन सम्मान समारोह

## चर्चा में क्यों?

- 05 अगस्त, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में बिड़ला सभागार में 'मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन-आँगनबाड़ी बहन सम्मान समारोह' में हिस्सा लिया।

## मुख्य बिंदु :

- मुख्यमंत्री द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए स्किम्ड दूध की मात्रा 15 ग्राम से बढ़ाकर 25 ग्राम करते हुए दूध युक्त 'बालाहार प्रीमिक्स पैकेट' का शुभारंभ किया गया।
- मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की 1 लाख 21 हजार महिला आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को डीबीटी के माध्यम से 501-501 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।
- वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा आँगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में 5 दिन दूध उपलब्ध कराने के लिए 'मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना' का संचालन किया जा रहा है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स (आर्थिक समीक्षा – 2024-25):**

**किशोरी बालिका योजना:**

- **योजना की शुरुआत :** 1 अप्रैल, 2022 से राज्य के 5 आकांक्षी जिलों (बारां, करौली, जैसलमेर, धौलपुर और सिरोही) में।
- **योजना का उद्देश्य :** 14-18 वर्ष की किशोरियों को शिक्षित और सशक्त बनाना है ताकि वे आत्मनिर्भर और जागरूक बन सकें।
- इन जिलों से लगभग 42,000 किशोरियों का सर्वेक्षण कर उन्हें आँगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभ प्रदान करने हेतु चिह्नित किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE):


- **राज्य में वर्तमान में आँगनबाडी सेवाओं के अंतर्गत 62,020 आँगनबाडी केन्द्रों में 3-6 वर्ष आयु वर्ग के 16.18 लाख बच्चे पूर्व-विद्यालय शिक्षा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।**
- **राज्य में समेकित बाल विकास योजना (ICDS) के अंतर्गत संचालित लगभग 62,020 आँगनबाडी केन्द्रों में से 42,052 आँगनबाडी केन्द्रों को शिक्षा विभाग द्वारा भौतिक अथवा प्रशासनिक रूप से, पोषण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता के उद्देश्य से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक / उच्च माध्यमिक राजकीय विद्यालयों के साथ समन्वित किया जा चुका है।**

## समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS):

- **यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर, 1975 को निम्न उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ किया गया था -**
- **0-6 वर्ष की आयु के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करना।**
- **बच्चों के मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए आधार तैयार करना।**
- **मृत्यु दर, बीमारियों, कुपोषण और स्कूल ड्रॉपआउट की दर को घटाना।**
- **बाल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न विभागों के बीच नीतियों और क्रियान्वयन का समुचित समन्वय सुनिश्चित करना।**
- **बच्चे की सामान्य स्वास्थ्य और पोषण आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए माँ को उचित पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से सुदृढ़ करना।**
- **इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में राज्य में 363 बाल विकास परियोजनाएं संचालित हैं। इनमें से 22 परियोजनाएं शहरी क्षेत्रों में, 42 परियोजनाएं जनजाति क्षेत्रों में तथा शेष 299 परियोजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं।**
- **इन परियोजनाओं के अन्तर्गत राज्य में कुल 62,020 आँगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत हो चुके हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य स्तरीय अंगदान जागरूकता कार्यक्रम




➲ **चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (SOTTO) द्वारा 'राज्य स्तरीय अंगदान जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **आयोजन स्थल :** सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर।
- वर्ष 2018 में सोटो की स्थापना के बाद से प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के क्षेत्र में सतत् प्रगति हुई है।
- सोटो द्वारा हाल ही में अंगदान की शपथ में सर्वाधिक भागीदारी देने वाले जिलों में प्रथम स्थान हनुमानगढ़, द्वितीय चूरू तथा तृतीय स्थान झुंझुनू का रहा।
- सवाई मानसिंह अस्पताल का स्किन बैंक नॉर्थ इंडिया का सबसे बड़ा स्किन बैंक है।
- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में अंग प्रत्यारोपण की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है। साथ ही, अंगदान को बढ़ावा देने के लिए एक पारदर्शी एवं सुगम प्रक्रिया विकसित की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नोट :** भारतीय अंगदान दिवस-2025 के अवसर पर अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राजस्थान को दो राष्ट्रीय पुरस्कारों; 'इमर्जिंग स्टेट इन ऑर्गन डोनेशन एंड ट्रांसप्लांटेशन' तथा 'एक्सीलेंस इन प्रमोशन ऑफ ऑर्गन डोनेशन' से सम्मानित किया गया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **भारतीय अंगदान दिवस :** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत् राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO) द्वारा प्रति वर्ष 3 अगस्त को भारतीय अंगदान दिवस मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय अभियान 'अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान' के तहत् 1 से 31 जुलाई, 2025 तक अंगदान माह मनाया गया।
- **विश्व अंगदान दिवस :** प्रति वर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य स्तरीय संस्कृत विद्वतजन सम्मान समारोह

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **07 अगस्त, 2025 को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने संस्कृत शिक्षा विभाग की ओर से नगर निगम उदयपुर के सुखाड़िया रंगमंच सभागार में आयोजित 'राज्य स्तरीय संस्कृत विद्वतजन सम्मान समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **सम्मान समारोह में कुल चार वर्गों में 56 सम्मान एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।**
- **वर्ष 2025 का संस्कृत साधना शिखर सम्मान : कैलाश चंद्र मूंदड़ा (चित्तौड़गढ़)**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- संस्कृत साधना शिखर सम्मान में एक लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई।
- **अन्य पुरस्कार :** दो विद्वानों को संस्कृत साधना सम्मान, सात संस्कृत विद्वत्सम्मान, 11 संस्कृत युवा प्रतिभा पुरस्कार सहित मंत्रालयिक सेवा सम्मान।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- राजस्थान विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया गया।
- संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में 'भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में संस्कृतज्ञों की भूमिका' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
- **मुख्य वक्ता :** प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी (केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली और डॉ. हरिसिंह गौर सागर विश्वविद्यालय, सागर के पूर्व कुलपति तथा साहित्य अकादमी तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्तकर्ता)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# डॉ. कृष्णा पूनिया




## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा ओलम्पियन व राजस्थान राज्य खेल परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया को भारतीय एथलेटिक्स सीनियर सलेक्शन कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया।

## मुख्य बिंदु :

- सलेक्शन कमेटी के सदस्य के रूप में उनकी नियुक्ति वर्ष 2025-26 के लिए की गई है।
- साथ ही, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा डॉ. कृष्णा पूनिया को भुवनेश्वर, ओडीशा में 10 अगस्त, 2025 को आयोजित होने वाली 'वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल कॉन्टिनेंटल टूर' के लिए भी आमंत्रित किया गया है।
- इस प्रतियोगिता में 10 देशों के 60 एथलीट भाग लेंगे।

### कृष्णा पूनिया की उपलब्धियां:

- **वर्ष 2010 :** दिल्ली कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक।
- कॉमनवेल्थ खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट।
- **वर्ष 2012 :** हवाई, अमेरिका में 64.76 मीटर के थ्रो के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड।
- **वर्ष 2010 :** अर्जुन पुरस्कार।
- **वर्ष 2011 :** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **खैरथल-तिजारा का नया नाम भर्तृहरिनगर**<br>♦ हाल ही में, राज्य सरकार ने खैरथल-तिजारा जिले का नाम भर्तृहरिनगर करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए है वहीं इसका जिला मुख्यालय भिवाड़ी करने को सहमति दी है।<br>♦ भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी ललित के पंवार की अध्यक्षता में गठित राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति की सिफारिश पर यह निर्णय लिया गया है। |
| 2. | **6 अगस्त : 'राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) डे**<br>♦ न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने 6 अगस्त, 2025 को 'राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) डे' के रूप में घोषित किया है।<br>♦ यह घोषणा न्यूयॉर्क शहर और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में RANA के योगदान के सम्मान में की है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना शिलान्यास**<br>♦ हाल ही में, मुख्यमंत्री द्वारा दौसा जिले के लालसोट विधानसभा क्षेत्र स्थित डूंगरपुर गाँव से 'ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना' का शिलान्यास किया गया।<br>♦ ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना के तहत् लालसोट में लगभग ₹350 करोड़ की लागत से 8 स्वच्छ जलाशयों, 5 पंपहाउस और 47 उच्च जलाशयों का निर्माण किया जाएगा। इसमें 280 किलोमीटर राइजिंग मुख्य पाइपलाइन, 200 किलोमीटर से अधिक मुख्य पाइपलाइन एवं 1,360 किलोमीटर वीडीएस पाइपलाइन बिछाई जाएगी। |
| **4.** | **फूसासर विद्युत उपकेंद्र (जैसलमेर)**<br>♦ हाल ही में, मुख्यमंत्री द्वारा जैसलमेर जिले की भणियाणा तहसील के फूसासर में 765 केवी के विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति दी गई।<br>♦ राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड द्वारा यह विद्युत उपकेंद्र 80 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **5.** | **आर-कैट की इंटर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता**<br>♦ हाल ही में, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा संचालित राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-कैट) द्वारा जयपुर में दो दिवसीय इंटर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।<br>♦ **विजेता टीम :** राजस्थान विश्वविद्यालय (₹21,000),<br>♦ **द्वितीय स्थान :** सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी (₹15,000),<br>♦ **तृतीय स्थान :** SKIT कॉलेज (₹11,000) |
| **6.** | **'इंडोनेशिया में हिन्दू पुनरुत्थान' पुस्तक**<br>♦ राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ राजस्थान, जयपुर में आयोजित समारोह में 'इंडोनेशिया में हिन्दू पुनरुत्थान' पुस्तक का विमोचन किया गया।<br>♦ **पुस्तक लेखक :** रविकुमार अय्यर। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **7.** | **सहकार राखी उत्सव-2025**<br>♦ **राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा 4 से 8 अगस्त, 2025 तक सहकार राखी उत्सव-2025 का आयोजन किया गया।**<br>♦ **आयोजन स्थल : नेहरू सहकार भवन (जयपुर)** |
| **8.** | **किसानों के लिए 'नॉलेज इनहांसमेंट प्रोग्राम'**<br><br>♦ **'नॉलेज इनहांसमेंट प्रोग्राम' के अंतर्गत राजस्थान के 100 किसानों को राज्य सरकार द्वारा चार देशों ; नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्राजील का भ्रमण करवाया जाएगा।**<br>♦ **इस एक्सपोजर विजिट में किसान नवीनतम तकनीकों एवं नवाचार के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। चयनित किसानों को नवंबर, 2025 से मार्च, 2026 के मध्य विभिन्न बैचों में 7 दिवसीय भ्रमण कराया जाएगा।** |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## 'अनलॉकिंग ए $200 बिलियन ऑपर्च्युनिटी: इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया' रिपोर्ट 2025

### चर्चा में क्यों?

- 4 अगस्त, 2025 को नीति आयोग ने 'अनलॉकिंग ए $200 बिलियन ऑपर्च्युनिटी: इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया' शीर्षक रिपोर्ट जारी की, जो वर्तमान चुनौतियों का सामयिक एवं व्यापक मूल्यांकन प्रस्तुत करती है और साथ ही भारत के इलेक्ट्रिक आवागमन के क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन लाने के लिए आवश्यक प्रमुख उपायों पर प्रकाश डालती है।




### मुख्य बिंदु :

- इसमे भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग में तेजी लाने के लिए कई दृष्टिकोण प्रस्तुत किए गए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- भारत 2030 तक बेचे जाने वाले कुल वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना चाहता है।
- भारत में EV की बिक्री वर्ष 2024 में 2.08 मिलियन हो गई, जो वैश्विक EV की बिक्री से धीमी हैं।
- वर्ष 2024 में भारत में EV की पहुंच कुल वैश्विक पहुँच का 2/5 वाँ हिस्सा हैं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**नीति आयोग :**

- **पूर्ण रूप :** नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (NITI)
- **गठन :** 1 जनवरी, 2015 में केंद्रीय मंत्रिमंडल के एक प्रस्ताव के माध्यम से (पूर्ववर्ती योजना आयोग को प्रतिस्थापित)।
- **उद्देश्य :** सहकारी संघवाद की भावना को साकार करते हुए 'मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस' के दृष्टिकोण की परिकल्पना करने के लिए 'बॉटम-अप' दृष्टिकोण पर जोर देना।

**संरचना :**

- **अध्यक्ष:** प्रधान मंत्री।
- **उपाध्यक्ष:** प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- **शासी परिषद:** सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल।
- **क्षेत्रीय परिषद:** विशिष्ट क्षेत्रीय मुद्दों को संबोधित करने के लिए, जिसमें प्रधानमंत्री या उनके द्वारा नामित व्यक्ति की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री और लेफ्टिनेंट गवर्नर शामिल होते हैं।
- **पदेन सदस्य:** केंद्रीय मंत्रिपरिषद से अधिकतम चार मंत्री प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
- **मुख्य कार्यकारी अधिकारी:** भारत सरकार के सचिव के रैंक में एक निश्चित कार्यकाल के लिए प्रधान मंत्री द्वारा नियुक्त।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# यूथ लीडर्स गोलमेज सम्मेलन 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **3 से 12 अगस्त, 2025 तक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ORF) द्वारा नेपाल के विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10-12 सदस्यों वाले नेपाल के युवा लीडर्स के प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।**
- **इस यात्रा के तहत् भारत सरकार के विदेश मंत्रालय (MEA) द्वारा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (MYAS) और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ORF) के साथ संयुक्त भागीदारी से नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन के भास्कर कॉन्फ्रेंस हॉल में 5 अगस्त, 2025 को युवा लीडर्स के गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **गोलमेज सम्मेलन का विषय :** **'भारत-नेपाल द्विपक्षीय संबंधों में युवा आदान-प्रदान और खेल की भूमिका'।**
- **अध्यक्षता :** **केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा।**
- **उद्देश्य :** **राजनीतिक और युवा स्तर पर सहभागिता को मजबूत करना।**
- **इस सम्मेलन ने दोनों देशों के उभरते राजनीतिक लीडर्स के बीच संवाद के लिए मंच प्रदान किया।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **इस तरह की सहयोगी पहल की शुरुआत 25 नवंबर, 2014 को काठमांडू में युवा मामलों के लिए सहयोग पर नेपाल और भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के माध्यम से की गई थी।**
- **इस समझौता के प्रावधानों के तहत् भारत और नेपाल के मध्य विभिन्न अंतरराष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# तटीय नौवहन विधेयक, 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **7 अगस्त, 2025 को संसद ने देश की तटीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु तटीय नौवहन विधेयक, 2025 को पारित कर दिया हैं।**



## ➲ मुख्य बिंदु :

- **लोकसभा से पारित : 3 अप्रैल, 2025**
- **राज्यसभा से पारित : 7 अगस्त, 2025**
- **प्रस्ताव पेश : केंद्रीय पत्तन, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य :** तटीय नौवहन को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढाँचे को सरल और आधुनिक बनाना तथा मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 1958 के भाग XIV को वैश्विक कैबोटेज मानदंडों के अनुरूप नए युग के प्रगतिशील कानून से प्रतिस्थापित करता है।
- यह ऐतिहासिक अधिनियम भारत के नौ तटीय राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 11,098 किलोमीटर लंबे रणनीतिक समुद्र तट की अपार और विशाल क्षमता को उजागर करेगा।
- **लक्ष्य :** तटीय नौवहन विधेयक, 2025 का लक्ष्य वर्ष 2030 तक तटीय कार्गो को 230 मिलियन मीट्रिक टन तक बढ़ाना है।
- **प्रमुख प्रावधान :** तटीय नौवहन विधेयक, 2025 में छह अध्याय और 42 खंड शामिल हैं।
- यह तटीय नौवहन के लिए एक सरलीकृत लाइसेंसिंग प्रणाली प्रस्तुत करता है और तटीय व्यापार में लगे विदेशी जहाजों के विनियमन हेतु रूपरेखा तैयार करता है।
- यह विधेयक भविष्य के बुनियादी ढाँचे के विकास और नीतिगत दिशा को निर्देशित करने के लिए एक राष्ट्रीय तटीय और अंतर्देशीय नौवहन रणनीतिक योजना तैयार करने का प्रावधान करता है।
- यह विधेयक तटीय नौवहन के लिए एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने का भी प्रावधान करता है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- तटीय नौवहन अधिनियम, 2025 के पारित होने के साथ, बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने तीनों महत्त्वपूर्ण समुद्री कानूनों - मर्चेंट शिपिंग विधेयक, 2025, समुद्री माल ढुलाई विधेयक, 2025 और तटीय नौवहन अधिनियम -2025 के लिए संसदीय अनुमोदन प्राप्त कर लिया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मणिपुर GST संशोधन विधेयक 2025

## चर्चा में क्यों?

- **7 अगस्त, 2025 को लोकसभा ने राज्य सरकार को GST एकत्र करने में सक्षम बनाने के लिए मणिपुर GST संशोधन विधेयक, 2025 पारित कर दिया।**



## मुख्य बिंदु :

- **यह मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 में संशोधन करता है।**
- **यह विधेयक उस अध्यादेश को प्रतिस्थापित करता हैं, जो राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के कारण लाया गया था।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- निचले सदन ने मणिपुर विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2025 को भी मंजूरी दे दी। यह वित्तीय वर्ष 2025-26 की सेवाओं के लिए मणिपुर राज्य की समेकित निधि से कुछ राशि के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करता है।

- भारत सरकार 2 हजार 898 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजटीय परिव्यय उपलब्ध कराएगी, जिसमें से एक हजार 667 करोड़ रुपये पूँजीगत व्यय होंगे।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**मणिपुर में राष्ट्रपति शासन :**

- 13 फरवरी, 2025 को भारत के राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 356 के तहत् मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा की थी।

- संविधान के अनुसार राष्ट्रपति शासन की घोषणा के बाद यह राष्ट्रपति शासन 6 महीने तक वैध है। 13 अगस्त, 2025 को इसकी अवधि समाप्त हो रही है।

- अत: आगामी 6 माह तक बढ़ाने हेतु संसद ने 4 अगस्त, 2025 को राज्यसभा में प्रस्तुत प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## फिलीपींस और भारत : दक्षिण चीन सागर में पहली बार संयुक्त नौवहन

### ➲ चर्चा में क्यों?

- फिलीपींस ने वर्ष 2023 के अंत से विदेशी नौसेनाओं के साथ "समुद्री सहयोगात्मक गतिविधियाँ" के तहत् फिलीपींस और भारत की नौसेनाओ ने विवादित दक्षिण चीन सागर में पहली बार संयुक्त नौवहन और नौसैनिक अभ्यास आरंभ किया।




### ➲ मुख्य बिंदु :

- यह जलमार्ग में चीन के विस्तारवादी नीति की प्रतिक्रिया है। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, जो ब्रुनेई, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम के समुद्री क्षेत्रों से घिरा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह जलमार्ग एक रणनीतिक नौवहन मार्ग है जहाँ सालाना 3 ट्रिलियन डॉलर का जहाज़ी व्यापार होता है।
- भारतीय नौसेना के भागीदार जहाज : निर्देशित मिसाइल विध्वंसक INS दिल्ली, टैंकर INS शक्ति और INS किल्टन आदि।
- फिलीपींस ने अपने संधि सहयोगी, संयुक्त राज्य अमेरिका, तथा जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और फ्रांस सहित अन्य रणनीतिक साझेदारों के साथ विवादित जल में नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता को बढ़ावा देने तथा चीन के विरुद्ध प्रतिरोध को मजबूत करने के लिए नौसैनिक गश्ती की है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- भारत ने 19 अप्रैल, 2024 को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली का पहला बैच फिलीपींस को सौंप दिया, जिससे यह मिसाइल हथियार प्रणाली हासिल करने वाला पहला विदेशी राष्ट्र बन गया।

**दक्षिण चीन सागर :**

- **अवस्थिति :** दक्षिण-पूर्व एशिया के चारों ओर पश्चिमी प्रशांत महासागर की एक शाखा के रूप।
- यह चीन के दक्षिण में, वियतनाम के दक्षिण-पूर्व में, फिलीपींस के पश्चिम में और बोर्नियो के उत्तर में स्थित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR




- यह क्षेत्र वैश्विक समुद्री व्यापार के लिए महत्त्वपूर्ण है , जहाँ प्रतिवर्ष लगभग एक तिहाई वैश्विक नौवहन, जिसमें विश्व के 40% पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं, इसी जलक्षेत्र से होकर गुजरता है।
- वैश्विक समुद्री व्यापार का लगभग एक तिहाई हिस्सा प्रतिवर्ष 3.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का 107वाँ सदस्य : मोल्दोवा

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, मोल्दोवा, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का 107वाँ सदस्य बन गया हैं।



## मुख्य बिंदु :

### अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) –

- यह संधि-आधारित अंतर-सरकारी संगठन है। यह गठबंधन ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सौर ऊर्जा को संधारणीय समाधान के रूप में बढ़ावा देता है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **शुरुआत:** भारत और फ्रांस ने 2015 में पेरिस में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर COP21 सम्मेलन में ISA की स्थापना की संयुक्त रूप से घोषणा की गई थी।
- **मुख्यालय:** राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (NISE), गुरुग्राम, हरियाणा।
- **समझौते पर हस्ताक्षर और अभिपुष्टि करने वाले देश:** 123 भारत (सह-संस्थापक), फ्रांस (सह-संस्थापक), अन्य 120 सदस्य देश और हस्ताक्षरकर्ता देश (मई, 2025 तक)।
- भारत ISA को प्रति वर्ष 100 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- **ISA का मिशन:** ISA को 'टुवर्ड्स 1000' रणनीति से मार्गदर्शन प्राप्त होता है। इस रणनीति के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:
    - वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 अरब डॉलर के निवेश को आकर्षित करना।
    - स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के माध्यम से 1,000 मिलियन लोगों को ऊर्जा उपलब्ध कराना।
    - 1,000 गीगावाट (GW) सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करना।
- **प्रमुख पहलें –**
    1. SolarX स्टार्ट-अप चैलेंज (स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अनुदान व व्यावसायिक सहायता प्रदान करना)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. **सोलर टेक्नोलॉजी एंड एप्लीकेशन रिसोर्स सेण्टर (STAR-C) पहल - इसका उद्देश्य सौर ऊर्जा उत्पादों और सेवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने के लिए ISA सदस्य देशों के भीतर संस्थागत क्षमताओं का एक मजबूत नेटवर्क बनाना है।**

3. **ग्लोबल सोलर फैसिलिटी- सौर ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश प्रोत्साहित करने हेतु भुगतान गारंटी निधि।**

4. **ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर- सौर ऊर्जा और हाइड्रोजन ऊर्जा के बीच के संबंध की संभावनाओं की खोज करता है।**

5. **वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड (OSOWOG) पहल – इसका उद्देश्य एक विशिष्ट क्षेत्र में उत्पादित सौर ऊर्जा को किसी दूसरे क्षेत्र की बिजली की आवश्यकता को पूरा करना है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### साइबरस्पेस और एम्फीबियस ऑपरेशस

**चर्चा में क्यों?**

- **7 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान और सैन्य मामलों के विभाग के सचिवों की चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी की बैठक के दौरान साइबरस्पेस ऑपरेशस और एम्फीबियस ऑपरेशस के लिए संयुक्त सिद्धांतों के सार्वजनिक संस्करणों को औपचारिक रूप से जारी किया।**



**मुख्य बिंदु :**

- **इन सिद्धांतों का सार्वजनिक होना संयुक्त युद्ध-लड़ने की अवधारणाओं की दृश्यता, पहुँच और व्यापक प्रसार को बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत राष्ट्रीय साइबरस्पेस हितों की रक्षा, आक्रामक और रक्षात्मक साइबर क्षमताओं को एकीकृत करने और तीनों सेनाओं में समन्वित संचालन को सक्षम बनाने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह खतरे-सूचित योजना, दृढ़ता निर्माण, वास्तविक समय में खुफिया एकीकरण और संयुक्त साइबर क्षमताओं के विकास पर बल देता है।

- CDS ने सैन्य अंतरिक्ष अभियान, विशेष बल अभियान, हवाई/हेलीबोर्न अभियान, एकीकृत रसद, बहु-क्षेत्रीय अभियान जैसे युद्ध के समकालीन और विशिष्ट क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए नए सिद्धांतों/प्राथमिकताओं का विकास शुरू किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## अन्नू रानी

### चर्चा में क्यों?

- भारत की अन्नू रानी ने पोलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विस्लाव मनियाक मेमोरियल, 2025 में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में 62.59 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।




### मुख्य बिंदु :

| खिलाड़ी | संबंध | पदक | भाला फेंका |
|---|---|---|---|
| अन्नू रानी | भारत | स्वर्ण पदक | 60.07 मीटर |
| एडा तुगसुज | तुर्की | रजत पदक | 58.36 मीटर |
| लियाना डेविडसन | ऑस्ट्रेलिया | कांस्य पदक | 58.24 मीटर |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- अन्नू के इस प्रदर्शन ने उन्हें इस सीज़न में दुनिया की शीर्ष 15 महिला भाला फेंक खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है।
- **पूजा :** भारत की पूजा महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में 2:02.95 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।
- **जिस्ना मैथ्यू :** जिस्ना मैथ्यू महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 54.12 सेकंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहीं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**


**अन्नू रानी की खेल उपलब्धियां :**

- **वर्ष 2023 -** एशियन गेम्स में 62.92 मीटर दूरी तय कर स्वर्ण पदक जीता।
- **वर्ष 2022-** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता।
- **वर्ष 2019 -** वर्ल्ड चैंपियनशिप में फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला का रिकॉर्ड।
- **वर्ष 2019 -** एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।
- **वर्ष 2017 -** एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।
- **वर्ष 2016 -** साउथ एशियन गेम्स में रजत पदक जीता।
- **वर्ष 2014 -** एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीता।
- **वर्ष 2025-** ताइवान एथलेटिक्स ओपन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- **वर्ष 2025** इंडियन ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ब्ल्यू बर्ड सैटेलाइट**<br><br><br>♦ इसरो, अमेरिका की AST स्पेसमोबाइल के साथ ब्ल्यू बर्ड सैटेलाइट को वर्ष 2025 के अंत में श्रीहरिकोटा से LVM3 रॉकेट से लॉन्च करेगा।<br>♦ यह मिशन सफल रहे निसार (NISAR) के बाद होगा। |
| 2. | **ध्रुवा स्पेस कंपनी : ऑस्ट्रेलियाई पेलोड भेजेगा**<br>♦ हैदराबाद की कंपनी ध्रुवा स्पेस दो ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के छोटे उपकरण या पेलोड अंतरिक्ष में भेजेगी।<br>♦ यह कंपनी का पहला कमर्शियल मिशन है।<br>♦ यह उपकरण भारत में निर्मित सैटेलाइट P-30 पर आरोपित किए जाएगे।<br>♦ इसे स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से वर्ष 2025 के अंत तक लॉन्च किया जाएगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3.

## NCERT का नया पाठ्यक्रम



- **NCERT के नए पाठ्यक्रम में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान और मेजर सोमनाथ शर्मा जीवन और बलिदान पर अध्याय इस शैक्षणिक वर्ष में NCERT पाठ्यक्रम में कक्षा 8 (उर्दू), कक्षा 7 (उर्दू) और कक्षा 8 (अंग्रेजी) में शामिल किए गए।**
- **भारत के पहले फील्ड मार्शल अधिकारी फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ को फील्ड मार्शल का पद प्रदान किया गया था।**
- **महावीर चक्र और परमवीर चक्र (मरणोपरांत) से सम्मानित ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान और मेजर सोमनाथ शर्मा ने राष्ट्र की सेवा में बलिदान दिया।**
- **नए शुरू किए गए अध्यायों का उद्देश्य विद्यार्थियों को साहस और कर्त्तव्य की प्रेरणादायक कहानियां प्रदान करना है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ♦ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (NEM) को एक प्रमुख राष्ट्रीय स्थल के रूप में स्थापित करने के प्रयासों के अंतर्गत रक्षा मंत्रालय ने शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) के साथ मिलकर NWM और उससे संबंधित संदर्भों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया है।<br>♦ 25 फरवरी, 2019 प्रधानमंत्री ने को नई दिल्ली के इंडिया गेट स्थित प्रतिष्ठित सेंट्रल विस्टा 'C' हेक्सागन में स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक को राष्ट्र को समर्पित किया। |
| 4. | **सौर ऊर्जा से संचालित पहली विधानसभा : दिल्ली**<br><br> |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- हाल ही में, दिल्ली विधानसभा 500 किलोवॉट की सौर ऊर्जा परियोजना के साथ देश की पहली ऐसी विधानसभा बन गई हैं जो पूर्णतः सौर ऊर्जा से संचालित हैं।
- सौर ऊर्जा पर स्विच करने के साथ-साथ, दिल्ली विधानसभा ने "वन नेशन, वन एप्लिकेशन" पहल के तहत् राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (NeVA) को भी लॉन्च किया है। इस एप्लिकेशन के माध्यम से विधानसभा की कार्यवाही पेपरलेस होगी, जिससे कार्यकुशलता, पारदर्शिता और पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- दिल्ली को संविधान की अनुसूची 1 के तहत् केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा प्राप्त है लेकिन अनुच्छेद 239AA के तहत् इसे ' राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCT)' के रूप में नामित किया गया है।
- दिल्ली के लिये राज्य के दर्जा की मांगों पर गठित S बालाकृष्णन समिति की सिफारिशों के पश्चात दिल्ली को विशेष दर्जा देने हेतु संविधान 69वें संशोधन अधिनियम, 1991 द्वारा अनुच्छेद 239AA को संविधान में शामिल किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR